हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 सांसद ने योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और समय...



09 पेयजल व विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का...



डोंगरगांव में आयोजित तीसरे जन-विश्वास शिविर में ग्रामीणों से 146 आवेदन प्राप्त

जन विश्वास अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का स्थानीय स्तर पर किया जा रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश व्यापी जन विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित हो रहे जन विश्वास शिविरों की श्रृंखला में आगर-मालवा जिले का तीसरा जिला स्तरीय शिविर शुक्रवार को सुसनेर उपखण्ड की सीमावर्ती ग्राम पंचायत डोंगरगांव में आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, दिलीप सकलेचा, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य कालू सिंह सिसोदिया, सरपंच ज्ञान कुंवर सोनगरा, त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

शिविर में दोपहर 2 बजे तक विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 146 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण कर मंच से जानकारी दी गई। प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग के 50, प्रधानमंत्री आवास के 27, पंचायत विभाग के 12, सामाजिक न्याय एवं विद्युत विभाग के 13-13, महिला एवं बाल विकास विभाग के 20, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 05, शिक्षा विभाग के 02 तथा आजीविका मिशन, कृषि, जल संसाधन एवं लोक सेवा केन्द्र से संबंधित 01-01 आवेदन शामिल हैं। शिविर में कृषि, उद्यानिकी, खाद्य एवं आपूर्ति, म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई। शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जन विश्वास अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। अधिकारी स्वयं गांवों में पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। सकलेचा ने कहा कि यह अभियान प्रशासन को ग्रामीणों की चौपाल तक ले आया है। उन्होंने डोंगरगांव स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केन्द्र एक मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग भी रखी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राणा , पूर्व जिला अध्यक्ष राठौर एवं् री नागर ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने जन विश्वास अभियान एवं शिविरों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।





पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

पुलिस अधीक्षक सोनी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं पुलिस से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा। एसपी ने इस मौके पर ग्रामीणों से साइबर अपराधों से सतर्क रहने, नशे एवं अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस की सहायता लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग मजबूत होने से क्षेत्र में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण और अधिक प्रभावी ढंग से कायम किया जा सकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें तथा पुलिस से संबंधित शिकायतों पर त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें। शिविर के दौरान कलेक्टर डॉ. मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोनी सहित अधिकारियों द्वारा ग्राम में संचालित विभिन्न शासकीय संस्थाओं एवं जनकल्याणकारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया। उचित मूल्य दुकान पर हितग्राहियों से संवाद कर राशन वितरण एवं उपलब्धता की जानकारी ली गई। वहीं आरोग्य मंदिर एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, पोषण आहार, टीकाकरण एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली गई।



प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा हुए सम्मानित

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरपंच प्रतिनिधि प्रेम सिंह सोनगरा एवं ग्रामीणजनों ने अतिथियों का साफा, शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया।

जिले की विकास गाथा पुस्तिका का वितरण

जनविश्वास शिविर में मध्यप्रदेश जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा प्रकाशित जिले की विकास गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित बदलते दौर का मध्यप्रदेश, आगर मालवा जिले की विकास गाथा पुस्तिका का भी वितरण जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया। इस पुस्तिका में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश, जिला एक नजर में, प्रमुख पर्यटक स्थल, जिले का इतिहास, कला, संस्कृति एवं फ्लेगशीप योजनाओं, महत्वपूर्ण सिचाई परियोजनाओ, विद्युत, शिक्षा उद्योग निवेश, महिला सशक्तिकरण सहित जिले में नवाचार एवं प्रमुख उपलब्धियों का सचित्र विवरण समाहित है।

नलखेड़ा को मिली एक और सौगात

नगर में बनेगा 10 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा नगर को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी सौगात प्रदान की जा रही है। नगर में 10 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय बनेगा इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। नगर को इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए भाजपा नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री एवं आयुष चिकित्सा मंत्री का आभार व्यक्त किया गया है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार के लिए नगर में आयुष चिकित्सालय की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिसे प्रदेश सरकार द्वारा पूर्ण किया जा रहा है। नगर में आयुष चिकित्सालय के भूमि आवंटन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए पिलवास रोड़ पर भूमि का चयन किया गया है। भूमि आवंटन के बाद टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

नगर में स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष चिकित्सालय की सौगात प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं आयुष चिकित्सा मंत्री इंदरसिंह परमार का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, तहसील प्रेस क्लब सचिव दिलीप खंडेलवाल, एल्डरमैन सुबोध सकलेचा सहित कई पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

सावन माह में बच्चों ने बनाई त्रिशूल की सुंदर आकृति

नलखेड़ा। स्थानीय न्यू नलखेड़ा पब्लिक स्कूल में सावन माह के अवसर पर बच्चों की भक्ति, संस्कृति के प्रति लगाव एवं एकता का संगम दिखाई दिया। बच्चों ने सामूहिक रूप से बैठकर भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल की सुंदर आकृति बनाकर अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। शनिवार को आयोजित इस आयोजन में स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के दौरान बच्चे भक्तिमय वातावरण में नजर आए।



जिला वेयरहाउस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


जिला वेयरहाउस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक शुक्रवार को नलखेड़ा में आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर के वेयरहाउस संचालकों ने उपस्थित होकर संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। एसोसिएशन की पिछली कार्यकारिणी के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से केशव सोनी को जिला वेयरहाउस एसोसिएशन का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष अमित जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव सोनी को अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर अभय जैन, कैलाश भंडारी, चंद्रपाल सिंह, राम गोयल, शंकर जैन, रितेश सोनी, राजू खंडेलवाल, संजीव बंसल, उमंग जैन, लखन पाटीदार एवं प्रवीण पाटीदार सहित जिलेभर के वेयरहाउस संचालक उपस्थित रहे। बैठक के बाद सभी सदस्यों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव सोनी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के हित में मिलकर कार्य करने की बात कही।

गुप्तेश्वर महादेव से तारकेश्वर महादेव ताखला के लिए कल निकलेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

श्री गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ द्वारा प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली कावड़ यात्रा 24 अगस्त को निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा श्री तारकेश्वर महादेव ताखला पहुंचकर भोले नाथ का जलाभिषेक करेगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ संयोजक अनुज ठाकुर ने बताया कि समस्त हिन्दू संगठनों के सहयोग से लगातार 5 वें वर्ष कांवड़ यात्रा 24 अगस्त को चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होगी जो ताखला स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहाँ बाबा श्री तारकेश्वर महादेव का लखुंदर के पवित्र जल से जलाभिषेक किया जाएगा। सोमवार को नगर से निकलने वाली इस कावड़ एवं कलश यात्रा के लिए प्रतिदिन माइक के माध्यम से नगर में अलाउंस भी करवाया जा रहा है। जिसमें नगर वासियों से आयोजित यात्रा में अधिक से अधिक भक्त एवं कलश यात्रा में अधिक से अधिक महिलाओं के शामिल रहने के लिए अपील की जा रही है।

ज्ञात रहे की तहसील के ग्राम ताखला में लखुंदर, कालीसिंध तथा भाटन नदी का त्रिवेणी संगम है। इसी संगम के समीप कालीसिंध नदी के तट पर पूर्व दिशा में तारकेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू होकर बडे आकार का है। बताया जाता है कि उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग के समान ही यहां पर शिवलिंग स्थापित है। शिवलिंग के चारो ओर पीतल के कवच की जलाधारी लगी हुई है। त्रिवेणी संगम होने से इस स्थान का विशेष महत्व माना जाता है। श्रावण मास में इस त्रिवेणी संगम पर भक्तो की भीड उमड़ती है। इस प्राकृतिक स्थल की आकर्षक छटा पर्यटको को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ यहाँ आने वाले लोगो का मनमोह रही है। त्रिवेणी संगम पर आकर मिलने वाली लखुंदर, कालीसिंध व भाटन तीनो नदियो के जल का दृश्य देखते ही बनता है। सावन में पहाडी से कल- कल बहता झरना भी श्रद्धालुओ को अपनी ओर खींचता है। ताखला में प्रति वर्ष कार्तिक पुर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है। इस दिन मेले में आने वाली युवतियां अच्छे वर की प्राप्ती के लिए नदी में द्वीप जलाकर कालीसिंध नदी की पूजा-अर्चना भी करती है।



पनाला से निकाली गई कलश यात्रा गुप्तेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

नलखेड़ा। तहसील के ग्राम पनाला से सावन मास में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कलश यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनिवार को निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण जन डीजे पर बज रहे भगवान भोलेनाथ के भजनों पर नाचते थिरकते चल रहे थे। ग्राम पनाला से निकाली गई यह कलश यात्रा चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची जहां पर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने अपने साथ लाए पवित्र नदी के जल से बाबा गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया एवं प्रसादी का वितरण किया गया।



कलेक्टर ने घोषित किए तीन स्थानीय अवकाश

नलखेड़ा। जिले के तत्कालीन कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण आगर-मालवा जिले हेतु तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। घोषित स्थानीय अवकाश में श्री बैजनाथ महादेव की शाही सवारी 24 अगस्त 2026 सोमवार महानवमी दशहरा 19 अक्टूबर 2026 सोमवार तथा भाईदूज 11 नवंबर 2026 बुधवार। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इस संबंध में माह जनवरी 2026 में जारी आदेश अनुसार उक्त स्थानीय अवकाश जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए लागू रहेंगे।

समरसता संकल्प अभियान..

भाजपा ने चल समारोह निकाल कर श्रीराम मंदिर में कलश स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान के रूप में मना रही है जिसके तहत चल समारोह निकाल कर श्रीराम मंदिर रामपुरा में कलश स्थापना की गई। शुक्रवार प्रातः 10 बजे से स्थानीय चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से कलश स्थापना हेतु एक चल समारोह प्रारम्भ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से वार्ड क्रमांक 10 रामपुरा स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचा जहाँ विधि विधान से पूजन कर कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती साक्षी सकलेचा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, नगर परिषद पार्षद गोवर्धन वेदिया, निलेश लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने बताया कि समरसता संकल्प अभियान के तहत पार्टी द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।





गुरुकुल स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

विद्यार्थियों ने पानी की बोतल से बनाया रॉकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा करने के लिए नगर के गुरुकुल कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाया गया। इस 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। सबसे पहले चरण नगर के पण्डिया कॉलोनी स्थित स्कूल कैंपस में बच्चों को चन्द्रयान 3 को लेकर विश्व कीर्तिमान बनाने वाली भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो को स्थापना को प्रमुख कीर्तिमान को ऑडियो विजुअल रूप से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही चंद्रयान के लूनर लैंडर का मॉडल भी बच्चों से बनवाये गये।

इसके बाद दूसरे चरण में भैसोदा रोड स्थित स्कूल कैंपस में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर व्याख्यान हुआ जिसमें ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के समन्वयक शैलेंद्र कसेरा द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना और प्रारंभिक चुनौतियों को ऑडियो विजुअल रूप से दिखाया गया।



उसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विज्ञान विषय के विद्यार्थियों को गति के नियमों को स्वयं प्रयोग करके सिखने का अवसर दिया गया। जिसमें बच्चों द्वारा पानी की बोतल से रॉकेट बनाया गया जिसके द्वारा जड़त्व, संवेग, वायुगतिकी और वेग को निकटता से समझने का मौका मिला। इसके बाद अगले चरण में चंद्रयान लूनर लैंडर को चंद्रमा पर साफ्टलैंडिंग में आने वाली समस्याओं को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए कसेरा के मार्गदर्शन में चंद्रयान सॉफ्ट लैंडिंग प्रतियोगिता करवाई जिसमे स्कूल के बच्चों द्वारा चंद्रयान का लैंडर मॉडल डिजाइन कर आसपास के सामान्य घरेलू वस्तुओ से बनाने का लक्ष्य दिया गया। जिसके लिए सभी को समान संसाधन और समय सीमा के साथ दिया गया और इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं की टीम के द्वारा अपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा का परिचय देते हुए चंद्रयान की अलग-अलग मॉडलों को डिजाइन किया गया और सभी चंद्रयान लैंडर मॉडलों को ऊंचाई से गिराकर मॉडल के डिजाइन का परीक्षण किया गया। इस प्रतियोगिता के द्वारा छात्र-छात्राओं की टीमो को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विज्ञान के सिद्धांतों का प्रायोगिक रूप से मॉडल को डिजाइन करने में प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं की टीमो द्वारा डिजाइन किए गए मॉडलों को ऊंचाई से गिराकर चंद्रयान लैंडर के सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की टेस्टिंग की गई।

खबर संक्षेप

कन्नौद में बिना परमिट वाले वाहन किए जब्त

देवास। जिले में अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय देवास के उड़नदस्ते ने कन्नौद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों की बसों एवं अन्य वाहनों की गहन जांच की गई। साथ ही मार्ग पर संचालित अन्य यात्री वाहनों को भी चेक किया गया।जांच के दौरान एक निजी स्कूल की टाटा मैजिक वाहन बिना परमिट एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित पाई गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर अभिरक्षा में लिया गया। कार्रवाई के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने पर 15,000/- का शमन शुल्क (चालान) वसूला गया तथा बकाया मोटरयान कर के रूप में 56,500/- की राशि जमा कराई गई।चेकिंग के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में संचालित वाहनों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा जारी सुरक्षा गाइडलाइन एवं तय मापदंडों की उपलब्धता की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई।

चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण और रजत पदक

देवास। जिला एथलेटिक एसोसिएशन दूसरे दिन शानदार सफलता मध्य प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा जबलपुर में आयोजित राज्य एथलेटिक चैंपियनशिप जो कि 21 से 23 अगस्त आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिले के 1300 खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में शनिवार को देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन के लॉन्ग जंप में बेबी सिंह ने गोल्ड मेडल एवं प्रियांशी सिंह ने सिल्वर मेडल जीता।

दिशा बैठक में विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

सांसद ने योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में क्रियान्वयन के दिए निर्देश

क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं, निर्माण एवं विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सांसद सोलंकी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जमीनी स्तर पर हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद सोलंकी ने जिला अस्पताल में जन्म पंजीयन की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बैक को दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिले में लाभान्वित नागरिकों की जानकारी ली । बैठक में एमजी रोड देवास में जनता बैंक के पास सौंदर्यीकरण कार्य पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नल-जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवंटित कनेक्शनों एवं लाभार्थियों की विस्तृत जानकारी ली गई।

सांसद सोलंकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा की

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित मार्गों की समीक्षा करते हुए सांसद सोलंकी ने निर्देश दिए कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की जमीनी स्तर पर कितनी प्रगति हुई है, इसकी वास्तविक स्थिति प्रस्तुत की जाए। एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्मित तथा लंबित सड़कों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली गई। वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी प्रस्तुत की गई।

परियोजना की प्रगति की ली जानकारी

वॉटर रिसोर्स डेवलपमेंट के अंतर्गत नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना की प्रगति की जानकारी ली गई। हाटपिपल्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना तथा नर्मदा-कालीसिंध-चंबल परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सांसद श्री सोलंकी ने योजनाओं में अब तक हुए कार्य, शेष कार्य तथा संभावित पूर्णता अवधि की विस्तृत जानकारी ली। नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो परियोजना, हाटपिपल्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना के अंतर्गत आवंटित राशि एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित राशि एवं प्रगति की जानकारी भी ली गई।

कार्यों को पूर्ण करने दिए निर्देश

सांसद सोलंकी ने सांसद निधि से स्वीकृत विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश। नगर निगम क्षेत्र में सांसद निधि से स्वीकृत कार्य लंबित होने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सांसद निधि से कुल 141 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 90 कार्य पूर्ण, 37 कार्य प्रगतिरत तथा 14 कार्य लंबित हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, कलेक्टर ऋतु राज सिंह, डीएफओ अमित सिंह, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत शोभाराम सोलंकी, खण्डवा सांसद प्रतिनिधि जय प्रकाश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, समिति के सदस्यगण एवं जिला तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

किताबों की जगह बच्चों के हाथों में तगारी-फावड़े, स्कूल परिसर में कराई मजदूरी

बच्चों से मलबा हटवाने के आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है, लेकिन बागली ब्लॉक के ग्राम पंचायत भिकुपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से कथित तौर पर मजदूरों की तरह काम कराए जाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में स्कूली बच्चे तगारी और फावड़े से मुरम व मलबा हटाते नजर आ रहे हैं।जानकारी अनुसार, विद्यालय परिसर में नया भवन निर्माण होने के बाद मिट्टी, मुरम और अन्य निर्माण सामग्री फैली हुई थी। परिसर को समतल करने और मलबा हटाने के लिए मजदूर लगाने के बजाय कथित तौर पर कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों से काम कराया गया।वायरल वीडियो में बच्चे सिर पर तगारी रखकर मुरम ले जाते और फावड़े से सामग्री भरते दिखाई दे रहे हैं। कुछ बच्चे थैलियों में ईंट और मलबा भरकर उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि बच्चों की पढ़ाई कराने के बजाय उनसे स्कूल परिसर में मजदूरी जैसा काम कराया गया। ग्रामीणों, अभिभावकों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले मे बीआरसी बागली बोहाउद्दीन बोहरा ने बताया कि संबंधित शिक्षक को शोकास नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच दल बनाकर मामले की जांच के लिए भेजा गया था। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

आगरा से राजगढ़ जा रही गरुड़झेप मशाल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

छत्रपति शिवाजी महाराज के आगरा से निकलने की ऐतिहासिक स्मृति एवं उनके अदम्य साहस और चातुर्य को नमन करते हुए निकाली जा रही गरुड़झेप मशाल यात्रा शुक्रवार को देवास पहुंची। क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट देवास की ओर से 21 अगस्त की शाम 6 बजे भोपाल चौराहा पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाजजन हाथों में मशाल लेकर शामिल हुए, वहीं बच्चों ने पारंपरिक करतब एवं उत्साहपूर्ण प्रदर्शन कर वातावरण को शिवाजी महाराज के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। समन्वय अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने बताया कि 17 अगस्त 2026 को आगरा किले से प्रारंभ हुई यह ऐतिहासिक यात्रा महाराष्ट्र के राजगढ़ तक करीब 1,253 किलोमीटर का सफर तय कर रही है। यात्रा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से होकर गुजरेगी। इसमें बड़ी संख्या में धावक, साइकिल सवार तथा छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापतियों के वंशज भी सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगरा से शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक 'गरुड़झेप' प्रसंग की स्मृति को जन-जन तक पहुंचाने और उनके पराक्रम, रणनीति एवं राष्ट्रभक्ति से समाज को प्रेरणा देने के उद्देश्य से यात्रा का आयोजन किया गया है। देवास में यात्रा के पहुंचने पर समाजजनों ने उत्साह के साथ मावलों का स्वागत किया। आयोजन में ट्रस्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद जाधव, चंद्रकांत जगताप, माधवराव डम डरे, गजानन देशमुख, हिमांशु राजोले, शंकर भोले, मधुकर राव, विहिप जिलाध्यक्ष संदीप चौबे, विहिप जिलामंत्री विजय पांचाल, जैनेन्द्र सिंह पंवार, रवि सिंह पंवार एवं साधना काले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संचालन अमित राव पवार ने किया। आभार समाज अध्यक्ष सुभाष शिंदे ने माना।

कांवड़ व कलश यात्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत



देवास। हर वर्ष सावन माह में शहर में बड़े पैमाने पर निकलने वाली श्री सिद्धि विनायक भक्त-मंडल द्वारा आयोजित, कांवड़ और कलश यात्रा का, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में चामुण्डा कॉम्प्लेक्स पर स्वागत किया गया। प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में नागदा से निकली यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंच से श्रृद्धालुओं को ठंडे पेय और आलूबड़े का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरुचरण सिंह सलूजा, रेखा वर्मा, शौकत हुसैन,श्रीराम कुमावत, हारिस गजधर,रोशन रायकवार,राकेश शर्मा, सुजीत सांगते,शाहजी हाशमी, विशाल यादव, मोहित शर्मा, उमेश झंवर, अजयसिंह राजोदा, नरेंद्र सिंह यादव, राजेश राठौर,अनस हिंद, सुलोचना किटोदिया, वंदना बड़ोदिया, मनोज हेतावल, वीरेन्द्र परदेसी, नईम अहमद, सुभाष वर्मा, जयप्रकाश मालवीय, मुरलीधर गुप्ता, प्रथम सिंह पवार, अविनाश जेठवा, कमलेश गुप्ता, शाहिद खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

आयुक्त ने लिया सभी वार्डों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जन विश्वास अभियान तहत निगमायुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों से जनसंवाद किया। इस दौरान निगम से संबंधित शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों और दरोगाओं को निर्देश दिए। जनसंवाद के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी निराकरण कराया गया।आयुक्त ने एमजी रोड सहित मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत चल रहे आईएसबीटी और भगवती द्वार सराय निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित फर्म के पदाधिकारियों, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती और सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।आयुक्त के निर्देश पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर और दीपक पटेल ने भी अपने-अपने जोन क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों, स्लम एरिया और सीटीयू पाइंट का निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था एवं कचरा संग्रहण वाहनों के समय पर पहुंचने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

धार्मिक माहौल के बीच नगर परिषद प्रांगण में सपरिवार विराजे नर्मदेश्वर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



श्रावण मास में पूरा क्षेत्र भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है। इसी धार्मिक माहौल के बीच नगर परिषद कांटाफोड़ के प्रांगण में विधि-विधान के साथ भगवान नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया।प्राण-प्रतिष्ठा मे भगवान नर्मदेश्वर महादेव को विभिन्न प्रकार के अन्न में विराजित कर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। नगर के पंढरीनाथ मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में नगर परिषद के सीएमओ मुकेश चौबे एवं नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश चंद्र अमोदिया सपत्नीक कलश धारण कर शामिल हुए। इस अवसर पर लोहारदा सीएमओ सतीश घावरी सहित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी मौजूद रहे।शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जयकारों के साथ शोभायात्रा नगर परिषद प्रांगण पहुंची, जहां भगवान की भव्य आरती के बाद आचार्य पंडित मुकेश तिवारी एवं विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। शाम को पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं में नगर परिषद के कर्मचारियों का सहयोग रहा।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल, पार्षद सुशील पंसारी, सत्यनारायण तिवारी बंधु, पार्षद अनिरुद्ध शर्मा, पवन बछानिया, अरुण राठौर, सीताराम अचाले, अप्पू तिवारी सहित पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

डाक कांवड़ यात्रा में गूंजे बोल बम के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

पावन श्रावण मास के अवसर पर शनिवार को श्री खेड़ापति मित्र मंडल के तत्वावधान में पिपलेश्वर महादेव मंदिर से भौंरासा स्थित बाबा भंवरनाथ मंदिर तक डाक कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ बुजुर्ग और बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कांवड़िए नंगे पैर भगवा ध्वज लेकर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन नजर आए।यात्रा का शुभारंभ पिपलेश्वर महादेव मंदिर के समीप छतरी घाट स्थित मां कालीसिंध नदी से हुआ। यहां कांवड़ियों ने नदी से पवित्र जल भरा। उदासीन आश्रम के महंत लवचंद्रदास ने विधि-विधान से डाक कांवड़ का पूजन एवं आरती कर जयघोष के साथ यात्रा को रवाना किया।

डाक कांवड़ यात्रा महावीर मार्ग, चूड़ी बाखल, महाराणा प्रताप चौक, एमजी रोड होते हुए ग्राम सांवेर से फोरलेन मार्ग और भौंरासा के मुख्य मार्ग से बाबा भंवरनाथ मंदिर पहुंची। जहां कालीसिंध नदी से लाए गए पवित्र जल से बाबा भंवरनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई।

जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिए जत्था रवाना



लोहरदा। भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए रहमानपुरा से श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को जगन्नाथपुरी के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पहले ग्रामीणों एवं परिजनों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की। जत्थे में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल सहित रहमानपुरा के अनेक ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जगन्नाथपुरी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करेंगे तथा मार्ग में आने वाले प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। यह धार्मिक यात्रा करीब 28 दिनों की रहेगी। इस दौरान श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं दर्शन करेंगे।

ऑपरेशन त्रिनेत्रम अभियान को मिला अमलतास ग्रुप का सहयोग

सीसीटीवी नेटवर्क विस्तार के लिए दिए 7 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने चलाए जा रहे "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" को अमलतास हॉस्पिटल एवं यूनिवर्सिटी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। अमलतास ग्रुप द्वारा सीसीटीवी नेटवर्क के विस्तार हेतु लगभग 7 लाख की लागत की सीसीटीवी कैमरा केबल देवास पुलिस को प्रदान की गई है।इसी क्रम में अमलतास ग्रुप के निदेशक-प्रशासक डॉ. प्रशांत द्वारा एसपी कार्यालय पहुंचकर अमलतास ग्रुप की ओर से एसपी गेहलोद को 7 लाख का सांकेतिक चेक भेंट किया गया। इस सहयोग से देवास शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क का विस्तार कर निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ अपराधियों की पहचान, उनकी गतिविधियों की निगरानी एवं प्रकरणों की पतारसी में पुलिस को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।इस अवसर पर अमलतास अस्पताल के मार्केटिंग डायरेक्टर अश्विन तंवर एवं मीडिया मैनेजर कमलेश सेंधव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने कहा कि देवास की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" एक सराहनीय पहल है। अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने कहा कि "सुरक्षित देवास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था के विस्तार से अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर एसपी गेहलोद ने अमलतास ग्रुप के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमलतास ग्रुप द्वारा समय-समय पर प्रशासन एवं पुलिस को सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। सामाजिक संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं निजी संस्थानों की सहभागिता से 'त्रिनेत्रम अभियान' को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

22 दिवसीय धर्मचक्र व्रत का संकल्प 16 निर्जल उपवास करेंगे आचार्यश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



चातुर्मास प्रवास के दौरान व्रतचक्रवर्ती पट्ट विभूषण अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर ने श्रद्धालुओं को जीवन में अहंकार से दूर रहने और परिस्थितियों को सहज भाव से स्वीकार करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य अक्सर यह भ्रम पाल लेता है कि संसार में जो कुछ हो रहा है, वह उसी के कारण हो रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि संसार किसी एक व्यक्ति के होने या न होने से नहीं रुकता।आचार्यश्री ने कहा कि कृष्ण, महावीर, राम और बुद्ध जैसे महापुरुष संसार के मर्म को समझकर बहुत कुछ छोड़कर चले गए, लेकिन मनुष्य आज भी अहंकार में जी रहा है। जीवन में कब उतार-चढ़ाव आ जाए, कहा नहीं जा सकता। इसलिए व्यक्ति को अपने कर्म करते हुए अहंकार से मुक्त रहना चाहिए।प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि गुरुदेव ने हाल ही में पंच मेरु व्रत के अंतर्गत 168 निर्जल उपवास की कठिन तपस्या पूर्ण की। इसका महापारणा 17 अगस्त को पुष्पगिरी तीर्थ में संपन्न हुआ। पंच मेरु व्रत की साधना पूर्ण करने के तत्काल बाद आचार्यश्री ने बिना विश्राम किए धर्मचक्र व्रत का संकल्प ग्रहण किया। धर्मचक्र व्रत कुल 22 दिनों का होगा, जिसमें 16 निर्जल उपवास और 6 पारण शामिल हैं। आचार्यश्री की इस कठिन तपस्या को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

खबर संक्षेप



मुनीम एसोसिएशन ने मंडी से जुड़े मुद्दों पर किया मंथन

ललितपुर। नवीन गल्ला मंडी स्थित मुनीम एसोसिएशन की आवश्यक बैठक शनिवार को कंपनी बाग में संपन्न हुई। बैठक में गल्ला मंडी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े सभी मुनीमों ने उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं विचार रखे। बैठक के दौरान ग्रांट से जुड़ी जगह, लेखा-जोखा तथा मंडी से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मुनीमों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों की राय और सुझाव भी लिए गए। पदाधिकारियों ने कहा कि आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ मंडी से जुड़े विषयों का समाधान निकालने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिए। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन संरक्षक अरविंद जैन (नेताजी), अध्यक्ष खूबचन्द साहू, महामंत्री प्रिंस साहू एवं कोषाध्यक्ष सचिन साहू सहित बड़ी संख्या में मुनीम मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बैठक में सहभागिता के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

पत्रकार संगठन की गतिविधियों पर की चर्चा

ललितपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील ललितपुर की त्रैमासिक समीक्षा बैठक स्थानीय पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए जिला कोषाध्यक्ष अमित कालरा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन निरंतर मजबूत स्थिति के साथ आगे बढ़ रहा है। संगठन पत्रकार हितों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि जिला मंत्री सुरेन्द्र रजक करमरा ने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन का और विस्तार किया जाएगा तथा अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोडक़र इसे मजबूत बनाया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष हरिओम निरंजन ने कहा कि आगामी समय में संगठन की सघन बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को होने वाली जिला स्तरीय बैठक में आगामी 28 सितंबर को प्रस्तावित पत्रकार सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से जिला स्तरीय बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया। तहसील अध्यक्ष विवेक जैन अभिलाषा ने कहा कि 28 सितंबर को आयोजित होने वाला पत्रकार सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह भव्य एवं ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम में जिले के बाहर से भी विशेष अतिथियों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी तहसील ललितपुर के प्रत्येक सदस्य की होगी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अभिषेक जैन अनौरा को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील ललितपुर का तहसील संरक्षक मनोनीत किया गया। वहीं विशेष अतिथि अजित जैन भारती का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन तहसील महामंत्री समीर पठान एवं राजवीर जाट ने किया। अंत में तहसील महामंत्री रमन सरदार ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर पाल, जिला मंत्री शोहिब खान, तहसील उपाध्यक्ष नवीन नायक, शिवम तिवारी, तहसील कोषाध्यक्ष अंकित गुप्ता, तहसील मंत्री ऋतिक कटारे, हर्ष चौबे, तहसील ऑडिटर अभिषेक पांडेय, दीपेश राय, अभिषेक मिश्रा, शंकरलाल रैकवार, हरगोविंद लोधी, अरविंद कुशवाहा, जीवनलाल पाल, आशीष गुप्ता, सुरेन्द्र निरंजन, आनंद स्वामी, मुक्तदिर खान मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

पेयजल व विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का प्राथमिकता पर कराएं निस्तारणः अंसारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रभारी राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 558 समूहों को 1 करोड़ 67 लाख 40 का रिवॉल्विंग फण्ड का चेक व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत दो लाभार्थियों को ट्रेक्टरों की चाभी का वितरण भी किया ।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुसार कार्य करें, जनता को अधिक से अधिक संतुष्ट करने की कोशिश करें, अपने विभागीय लक्ष्यों को नियत समय में पूर्ण करें और प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनपद में बिजली और पानी को लेकर काफी शिकायतें आती रहती हैं, इसलिए सम्बंधित विभागों के अधिकारी पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ इन समस्याओं का निराकरण करायें और माननीय जन प्रतिनिधिगणों द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें।

इसके उपरान्त उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह तक प्रगति सुधारकर अवगत कराने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान की स्थिति संतोषजनक न होने पर योजना प्रभारी सहित डीएएम का वेतन रोकने के निर्देश दिये। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्राम मोगान में विगत 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर को बदले न जाने की शिकायत की, जिस पर प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि जनपद में बिजली की समस्या का हर हाल में निर्धारित समय के भीतर निस्तारण कराया जाए, इसमें देर होने पर आपकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं उन्होंने वैकल्पिक ऊर्जा की समीक्षा करते हुए जनपद के सभी सरकारी भवनों पर सोलर प्लांट लगवाने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि यदि सरकारी भवनों पर सोलर लगेगा तो जनता में भी इसके प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को धरातल स्तर पर हर कनेक्शन तक पानी पहुंचने का सर्वे कराकर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोड रेस्टोरेशन की प्रगति काफी खराब है, आये दिन सैकड़ों शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण अधिकारियों को निर्देश दिये कि रेस्टोरेशन के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लापरवाही बरतने वाली एजेन्सियों पर अर्थदण्ड लगाया जाए, ताकि ये अपनी जिम्मेदारी समझें। इसके साथ ही हैंडऑवर पेयजल परियोजनाओं का क्रॉस वैरिफिकेशन भी कराया जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि विगत दिनों चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा अनियमित तरीके से उपस्थिति भरे जाने की शिकायतें मिली थीं, इस पर उन्होंने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू कराया जाए और सीसीटीवी से इसकी निगरानी की जाए।

साथ ही चिकित्सकों की रोस्टरवाइज ड्यूटी लगायी जाए। ग्राम विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने वीबी जीरामजी योजना की प्रगति जानी, जिसमें बताया गया कि जिले में वीबीजीरामजी का बजट शासन से मिल चुका है, जिससे ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, मियावाकी वृक्षारोपण व मानव दिवसों का सृजन प्रगति पर है। इसके साथ जल्द ही 101 खेल मैदान भी बनाये जायेंगे। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन, शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यालय की अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में निर्देश दिये गए कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को सरकारी की सभी पोषण योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि ट्रेक्टर आदि पर अपनी उपल ले जा रहे किसानों को परिवहन विभाग द्वारा परेशान न किया जाए। औद्योगिक ईकाइयों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में सभी योजनाएं ए प्लस ग्रेड में हैं। जिला 6 हजार करोड़ के निवेश की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही जिले में टुस्कों कम्पनी के द्वारा 4 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट भी लगाया जा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री ने जिले में औद्योगिक वातावरण बनाने के साथ उद्यमियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि ग्रामों में ऐसे सभी सरकारी भवन, विद्यालय, चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केन्द्र व अन्य भवन जहां पहुंच मार्ग नहीं हैं, उनकी सूची उपलब्ध करायें, ऐसे सभी मार्गो को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत बनवाया जाएगा। प्रभारी मंत्री सहित अन्य जन्रपतिनिधिगणों द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 558 समूहों को 1 करोड़ 67 लाख 40 का रिवॉल्विंग फण्ड का चेक प्रदान किया गया, साथ ही सभागार से बाहर आकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत दो लाभार्थियों ओमकार सिंह यादव व सुरेश को ट्रेक्टरों की चाभी का वितरण भी किया। इस अवसर पर इस दौरान राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उप्र मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत प्रशासक कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत,एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला महामंत्री गौरव गौतम व अन्य जनप्रतिनिगणों के साथ मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्रा, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वार्ड 18 सुभाषपुरा में सड़क बनेगी

नपाध्यक्ष ने सीसी सड़क, नाला निर्माण कार्यों की पूजन कर लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर के विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का पूजा-अर्चन कर लोकार्पण किया। इसके बाद वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के समीप प्रस्तावित सीसी सड़क का भूमि पूजन किया गया।

वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में पालिका अध्यक्ष ने तीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा दो नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें मुनमुन के मकान से छन्नों के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण, अंगद के मकान से मिठया के मकान की ओर सीसी सड़क व नाली निर्माण तथा डा.आनंद विश्वास के घर से बृजेश पाठक के घर होते हुए सत्येंद्र प्रताप सिंह राजा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा सत्येंद्र राजा के घर से शनि मंदिर होते हुए कल्याण सिंह के मकान तक नाला निर्माण तथा आजादपुरा में रामकुमार तिवारी के मकान से होते हुए सुडेलेजी की बीड़ी कारखाने तक नाला निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण के दौरान नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से संवाद कर कराए गए विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं से पालिका अध्यक्ष का स्वागत एवं सम्मान करते हुए क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने पर आभार जताया। नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क एवं नाला निर्माण होने से आवागमन सुगम होने के साथ ही बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके बाद नपाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 18 सुभाषपुरा नझाई बाजार में प्रधान डाकघर के बगल वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क काफी समय से जीर्ण-शीर्ण हालत में थी।

बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव होने से दुकानदारों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए पालिका द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड पालिका के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक तक बेहतर आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना लक्ष्य है, जिनसे नागरिकों का जीवन सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बन सके। उन्होंने कहा कि नगरहित को सर्वोपरि रखते हुए आने वाले समय में भी विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं आधुनिक ललितपुर के निर्माण की दिशा में पालिका पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

रेलवे स्टेशन से टैक्सी चोरी कर भागे युवक को दो किमी पीछा कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे स्टेशन परिसर से शनिवार दोपहर सवारी बनकर पहुंचे एक युवक द्वारा टैक्सी चोरी कर भागने का मामला सामने आया। टैक्सी चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरी टैक्सी से करीब दो किलोमीटर तक पीछा किया और जिला कारागार के पास कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल चौराहे पर आरोपी को पकड़ लिया। युवक के पकड़े जाने के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। हंगामे के चलते चौराहे पर करीब 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में आरोपी युवक को चोरी की गई टैक्सी समेत कोतवाली सदर ले जाया गया। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी प्रशांत कुमार टैक्सी चलाकर अपने परिवार का भरण-



भीड़ ने की पिटाई, करीब 15 मिनट तक लगा जाम

पोषण करते हैं। शनिवार को वह रेलवे स्टेशन के बाहर सवारियों के इंतजार में खड़े थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उनके पास पहुंचा और बाजार जाने की बात कहते हुए टैक्सी में बैठ गया। प्रशांत के अनुसार युवक को वाहन में बैठाने के बाद वह कुछ देर के लिए पास में चाय पीने चले गए। इसी दौरान युवक मौका पाकर टैक्सी लेकर वहां से फरार हो गया। टैक्सी को जाते देख चालक के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल उसका पीछा करना शुरू कर दिया। टैक्सी चालक ने दूसरी टैक्सी की मदद से चोरी कर भाग रहे युवक का पीछा किया। करीब दो किलोमीटर तक पीछा करने के बाद जिला कारागार के पास कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल चौराहे पर चालक ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के पकड़े जाने की खबर लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आरोपी के पकड़े जाने के बाद मौके पर हंगामा शुरू हो गया। गुस्साई भीड़ ने युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान चौराहे पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हंगामे के कारण करीब 15 मिनट तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

तत्कालीन सीएमओ के कार्यकाल में प्रक्रिया पर विवाद

संविदा नियुक्ति पर उठे सवाल हाई कोर्ट ने मांगा शपथपत्र

ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तत्कालीन सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद के कार्यकाल में हुई एक संविदा नियुक्ति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए न तो विधिवत विज्ञप्ति जारी की गई और न ही निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन किया गया।



मामला अब हाई कोर्ट पहुंच गया है, जहां सुनवाई के दौरान न्यायालय ने संबंधित पक्ष से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया और उसके आधार को स्पष्ट करने के लिए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मामले में आरोप लगाया गया है कि सीएमओ कार्यालय में संबंधित संविदा पद पर नियुक्ति निर्धारित नियमों के अनुसार पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर नहीं की गई। यदि उक्त पद के लिए विज्ञप्ति जारी करना और अभ्यर्थियों के चयन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य था, तो इसके बिना नियुक्ति किस आधार पर की गई, यह अब मुख्य सवाल बन गया है। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने नियुक्ति से संबंधित तथ्यों और प्रक्रिया को शपथपत्र के माध्यम से स्पष्ट करने को कहा है। ऐसे में अब संबंधित पक्ष को यह बताना होगा कि नियुक्ति के लिए कौन से नियम लागू थे और उनका पालन किस प्रकार किया गया। हाई कोर्ट में दाखिल होने वाले शपथपत्र में नियुक्ति की प्रक्रिया, संबंधित नियम, चयन का आधार तथा नियुक्ति में शामिल अधिकारियों की भूमिका को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। इसके साथ ही यह भी सामने आ सकता है कि संबंधित पद के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी या नहीं और यदि नहीं की गई तो उसके पीछे क्या कारण था। मामले ने स्वास्थ्य विभाग की संविदा नियुक्तियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, फिलहाल नियुक्ति में अनियमितता एक आरोप है।

प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

फर्जी व दुर्भावनापूर्ण ट्रैप का आरोप लगाकर लेखपालों ने धरना दिया



ललितपुर। प्रदेश के लेखपालों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संगठन, एंटी करप्शन एवं विजिलेंस द्वारा की जा रही कथित गलत, अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण ट्रैप कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तालबेहट शाखा के लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह परमार एवं तहसील मंत्री सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह को सौंपा। धरने के दौरान लेखपालों ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का जनता से सीधे जुड़ा अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी है। वह गांव-गांव जाकर शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ भूमि संबंधी विवादों, पैमाइश, अतिक्रमण तथा अन्य राजस्व कार्यों का दायित्व निभाता है। कई बार भूमि विवाद, पैमाइश अथवा अतिक्रमण जैसे मामलों में नियमों के विपरीत कार्य न करने पर संबंधित व्यक्ति अथवा दलाल द्वारा रंजिश रखे जाने की आशंका रहती है। लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि कई मामलों में शिकायत की वास्तविकता, शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, उसकी रंजिश एवं शिकायत के उद्देश्य तथा लेखपाल की वास्तविक भूमिका और अधिकार क्षेत्र का पर्याप्त परीक्षण किए बिना ट्रैप कार्रवाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे लेखपालों में भय, मानसिक दबाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ज्ञापन में हाल ही में 20 अगस्त 2026 को अयोध्या जनपद की तहसील सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के साथ हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इस प्रकरण से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। संघ ने मांग की कि मामले की पुलिस विभाग से स्वतंत्र किसी निष्पक्ष जांच एजेंसी अथवा एसआईटी से तत्काल जांच कराई जाए। संगठन ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन एवं विजिलेंस विभाग के लिए ट्रैप कार्रवाई संबंधी स्पष्ट, पारदर्शी और जवाबदेह दिशा-निर्देश जारी किए जाने की भी मांग की, ताकि प्रत्येक कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया और निष्पक्ष मानकों के अनुरूप हो। ज्ञापन में कहा गया कि अयोध्या के लेखपाल उत्कर्षदीप को न्याय दिलाने तथा कथित गलत ट्रैप कार्रवाई के विरोध में प्रदेश के सभी 75 जनपदों और 351 तहसीलों में थाना दिवस का बहिष्कार करते हुए लेखपालों द्वारा एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन किया गया है। लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री से अयोध्या के सोहावल प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषमुक्त पाए जाने पर लेखपाल को न्यायोचित राहत देने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अविनाश कुमार, अनिल अहिरवार, ऋषि गुप्ता, नितेन्द्र कुमार, अनूप कुमार गुप्ता, आलेक कुमार, अनिल कुमार यादव, दिलीप श्रीवास्तव, चंद्रपाल सिंह, राहुल राजन आदि मौजूद रहे।

400 केवी गरौठा-तालबेहट विद्युत लाइन के टावरों से जंपर तार, सामान चोरी

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र में निर्माणाधीन 400 केवी गरौठा-तालबेहट विद्युत पारेषण लाइन के टावरों से महत्वपूर्ण विद्युत सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम सुनौरी क्षेत्र में चोरों ने विद्युत लाइन के अलग-अलग टावरों को निशाना बनाते हुए जम्फर तार समेत अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया। परियोजना के वरिष्ठ पर्यवेक्षक की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेसर्स आर.एस. इन्फ्रा प्रोजेक्ट द्वारा उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कम्पनी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मंटू पटेल निवासी सीवान, बिहार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम सुनौरी के आसपास 400 केवी गरौठा- तालबेहट विद्युत लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। शिकायत के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को ग्राम सुनौरी के पास स्थित विद्युत टावर संख्या 351, 358 और 362 का निरीक्षण करने पर वहां से विद्युत लाइन में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण सामग्री गायब मिली। अज्ञात चोरों द्वारा इन टावरों से कुल आठ नग जम्फर तार, स्पेसर सीसी रिंग और रिजिड स्पेसर समेत अन्य आवश्यक सामग्री चोरी किए जाने की बात सामने आई। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, चोरी हुई सामग्री विद्युत पारेषण लाइन के निर्माण एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में लाइन को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संचालित करने में भी परेशानी उत्पन्न हो सकती है।

दरवाजे पर बैठे युवक पर ब्लेड से हमला

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में घर के बाहर बैठे एक युवक पर धारदार ब्लेड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में पहुंचे एक व्यक्ति ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट करते हुए ब्लेड से वार कर दिया। घटना में युवक के कान के पीछे चोट लगने की बात कही गई है। पीड़ित की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काशीराम कॉलोनी निवासी राघवेन्द्र पुत्र रामदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने घर के दरवाजे के बाहर बैठे थे। इसी दौरान कंजड़याना पेट्रोल पंप के पास रहने वाला कल्लू उर्फ छोटू वहां पहुंचा। आरोप है कि कल्लू शराब के नशे में था और बिना किसी बात के राघवेन्द्र के साथ गाली-गलौज करने लगा। राघवेन्द्र ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट करने के बाद धारदार ब्लेड से उस पर हमला कर दिया। ब्लेड लगने से उसके कान के पीछे चोट आई और खून बहने लगा।

नेमवि में संस्कृत सप्ताह का समारोहपूर्वक शुभारंभ

देश के जन में बसने वाली संस्कृत भाषा में छिपा ज्ञान का भंडार- प्रो. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्कृत भारती, संस्कृत संस्कृति संस्थानम् उत्तर प्रदेश एवं संस्कृत विभाग नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सभागार में संस्कृत सप्ताह समारोह का प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती मां का पूजन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर आधुनिक भारत में संस्कृत साहित्य की उपयोगिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो डा ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि संसार की अनेक प्राचीन सभ्यताएं धूल धूलधूसरितहो चुकी हैं किंतु संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अपने स्थान पर अविचल खड़ी है। सारे संसार में भारतीय संस्कृति की अजय पताका फहरा रही है, इसका श्रेय संस्कृत भाषा और उसके साहित्य पर जाता है। भारत के पास विश्व को संजीवनी देने वाली संस्कृत भाषा एवं साहित्य है। उन्होंने कहा की संस्कृत विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा है जिसमें ज्योतिष, वास्तु, योग, धर्म, दर्शन एवं विज्ञान का भंडार भरा पड़ा हुआ है। आज पश्चिमी देश भी संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा को सीख कर इसमें छिपे जीवन और प्रकृति के रहस्य को जानने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में विज्ञान शिल्प प्राविधिक विषयों का समावेश है अतः इसे जन जन की भाषा बनाकर इसके अंदर छिपे ज्ञान के असीम भंडार को जन कल्याण हेतु प्रकाशित किया जा सकता है उन्होंने कहा कि यदि भारत देश में संस्कृत भाषा के संवर्धन एवं विकास हेतु शीघ्र नए कदम नहीं उठाए गए तो संस्कृत के साथ भारतीय संस्कृति भी विलुप्त हो जाएगी।

डॉ शास्त्री ने कहा की संस्कृत साहित्य हमारे इतिहास पुरातत्व संस्कृति सभ्यता धर्म कर्म आचरण और व्यवहार भारत वासियों को एक सूत्र में बांधे रहता है संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब है इसके संवर्धन पर हमें



ध्यान देना चाहिए। संगोष्ठी में डॉ दीपक पाठक ने कहा कि बिना संस्कृत भाषा के ज्ञान के हम भारतीय संस्कृति को समझ नहीं सकते हैं अतः हम सभी को प्रतिदिन संस्कृत भाषा का प्रयोग करना चाहिए। संस्कृत संसार की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है इसका विशाल साहित्य भंडार है इसमें आध्यात्मिक ज्ञान का कोश छिपा हुआ है वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत, गीता जैसे महान ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गए। डा प्रीति सीरौटिया ने कहा कि युवा पीढ़ी में संस्कार विकसित हो एवं उन्हें देशभक्ति की प्रेरणा मिले अतः पाठ्यक्रम में सरल संस्कृत का समावेश होना चाहिये। इस अवसर पर प्रो. आशा साहू, प्रो. अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डॉ. अनीता, डॉ. सुधाकर उपाध्याय, डॉ. रामकुमार रिछारिया, डॉ. ओ.पी. चौधरी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. अमित सोनी, डॉ. रिचाराज सक्सेना, श्रीमती कविता पैजवार, डॉ. रेनू चन्देल, श्वेता आनन्द, डॉ. रजनी चैबे, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, डॉ. काजोल तिवारी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. वर्षा साहू, डॉ. विनीत अग्निहोत्री, डॉ. ऊषा तिवारी, डॉ. जगवीर सिंह, डॉ.अनूप दीक्षित, डॉ. पराग कुमार, संदीप श्रीवास्तव, राहुल पस्तोर, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. हरीश चंद्र दीक्षित, डॉ. अरिमर्दन सिंह, डॉ. अवनीश त्रिपाठी, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ. जगत कौशिक, डॉ. बलराम द्विवेदी, मनीष वर्मा, डॉ.संतोष सिंह, डॉ. गीरेन्द्र सिंह, इं.विपिन शुक्ला. इं. सौरभ श्रीवास्तव, सुकपाल आदि मौजूद रहे।


कांग्रेस पार्षद ने निर्वाचन कार्यालय में की राजगढ़ नपाध्यक्ष की शिकायत

नपाध्यक्ष की कुर्सी पर खतरे के बादल करोड़पति फिर भी बीपीएल कार्डधारी

उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़





नगरीय निकाय चुनाव के चार वर्षों बाद राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराए हैं। नगर के वार्ड-14 के कांग्रेस पार्षद मोहित तंवर ने कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को मय तथ्यों के साथ शिकायत की है कि नपाध्यक्ष साहू के पास चुनाव के समय गरीबी रेखा की सूची से नीचे (बीपीएल) वाला कार्ड था। जबकि, निर्वाचन कार्यालय को उन्होंने अपनी संपत्ति संबंधी जो ब्यौरा शपथ-पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया उसमें उनकी सकल संपत्ति करीब 1 करोड़ रुपए दर्शाई है।

शिकायत के अनुसार चुनाव के समय आयोग को दिए गए शपथ-पत्र में गरीबी रेखा की सूची में नाम होने संबंधी जानकारी साहू ने छिपाई है। ऐसे में मांग की गई है कि बीपीएल कार्ड वाली जानकारी छिपाने के चलते नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के पार्षद वाला चुनाव शून्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। पार्षद मोहित तंवर ने अपनी शिकायत की सत्यता संबंधी सभी दस्तावेज और साक्ष्य भी निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाए हैं। आपको बतादें कि विनोद साहू का नाम राजगढ़ नपा के वार्ड-2 की बीपीएल सूची में क्रमांक-309 सर्वे क्रमांक-379 एवं राशन कार्ड सीरियल नंबर 309 पर दर्ज है।

आपराधिक मामले की जानकारी भी छिपाई

नपाध्यक्ष साहू पर आरोप यह भी है कि साल 2010 में आपराधिक मामले में जेल में रहने की जानकारी भी शपथ-पत्र में उल्लेखित नहीं की गई थी।

अध्यक्षीय कार्यकाल में आयुष्मान योजना का लिया लाभ

इस संबंध में पार्षद मोहित तंवर एवं पूर्व पार्षद अनिल जैन से शुक्रवार दोपहर स्थानीय मिड-वे ट्रीट पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरी शिकायत और मामले की जानकारी दी गई। पार्षद तंवर ने निर्वाचन आयोग को यह भी उल्लेख किया है कि अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने आयुष्मान योजना का लाभ लेते हुए भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल से करीब 1 लाख 40 हजार रुपए में अपनी पथरी का इलाज करवाया। इसका भुगतान आयुष्मान योजना से हुआ है।

शहरी विकास अभिकरण को सौंपी जांच

उक्त शिकायत प्राप्त होने पर निर्वाचन कार्यालय ने उसे गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास अभिकरण को शिकायत की बिन्दुवार जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह में भेजने आदेशित किया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी की शिकायत

कांग्रेस पार्षद की इस शिकायत को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि उक्त शिकायत की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। इसके साथ ही यदि कहीं कुछ गड़बड़ है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

इनका कहना है...

आरोप झूठे हैं। मैने साल 2012 में ही एसडीएम को लिखित में दिया था कि मेरा नाम बीपीएल से हटाया जाए। मैं इस कार्ड से गेहूं, नमक, चावल कुछ नहीं ले रहा हूं। आयुष्मान कार्ड वाला आरोप भी झूठा है। हो सकता है मैं बेहोश था तो राजनैतिक द्वेषता के चलते किसी ने मेरा अंगूठा लगवा लिया हो। शिकायतकर्ता नासमझ हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे बच्चागिरी वाली राजनीति बंद करें और तथ्यों के साथ बात करें।

विनोद साहू, नपाध्यक्ष
नगर पालिका, राजगढ़

ग्रामीणों में आक्रोश के बीच पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

पड़ाना में दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित पुलिस की तत्परता से टला बड़ा विवाद



युवक हिरासत में, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

समीपस्थ कस्बा पड़ाना में शुक्रवार को दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित किए जाने और उन्हें उठाकर फेंकने की घटना से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे और गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी। हालांकि पुलिस और प्रशासन की तत्परता के चलते स्थिति बिगड़ने से पहले ही मोर्चा संभाल लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सदर बाजार में सड़क किनारे स्थित भैरू महाराज के देवस्थान पर लगी मूर्ति को एक युवक द्वारा कथित रूप से खंडित कर दिया गया। इसके बाद साधनखेड़ी रोड पर उज्जैन वाली माताजी के सामने स्थित काला-गोरा महाराज के देवस्थान से भी मूर्तियां उठाकर फेंकने की घटना सामने आई। कुछ ही समय में यह खबर पूरे कस्बे में फैल गई और ग्रामीण देवस्थलों के आसपास एकत्रित होने लगे।

मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की

घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा, टीआई राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। दोनों देवस्थलों से जुड़ी घटना को लेकर गांव के ही बल्लू पिता फकीरचंद वंशकार पर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में सामने आए घटनाक्रम और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर युवक की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस की सक्रियता के बाद दोनों देवस्थलों की मूर्तियों को व्यवस्थित करवाकर पुनः स्थापित कराया गया। इससे ग्रामीणों में भी स्थिति सामान्य होने लगी। पुलिस बल की मौजूदगी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रक्षाबंधन पर 3 दिन छोटे दुकानदारों से नहीं लिया जाएगा बाजार बैठक शुल्क

शामगढ़। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए नगर परिषद ने छोटे और फुटकर व्यापारियों को राहत देने का निर्णय लिया है। नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव के निर्देश पर 26, 27 और 28 अगस्त को राखी, नारियल, पूजन सामग्री सहित अन्य छोटी-मोटी वस्तुओं की अस्थायी दुकानें लगाने वाले फुटकर व्यापारियों और ठेले वालों से बाजार बैठक शुल्क नहीं लिया जाएगा। अध्यक्ष यादव ने कहा कि त्योहार के दौरान कई छोटे व्यापारी जमीन पर अस्थायी दुकान लगाकर परिवार का गुजारा करते हैं। सालभर के इस सीजन में होने वाली कमाई उनके लिए महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में नगर परिषद ने तीन दिनों के लिए बाजार बैठक शुल्क माफ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसे बहनों की ओर से भाइयों को तोहफा बताया मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े नहीं करने की अपील त्योहारी बाजार में भीड़ और यातायात को देखते हुए नगर परिषद ने मुख्य मार्ग को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य मार्ग पर खड़े चार पहिया वाहनों को हटाया जाएगा, ताकि खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को परेशानी न हो और फुटकर व्यापारियों को भी दुकान लगाने के लिए जगह मिल सके।



रहवासियों और स्थायी दुकानदारों से सहयोग मांगा

नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्य मार्ग के रहवासियों और स्थायी दुकानदारों से छोटे व्यापारियों के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बाहर से आने वाले छोटे दुकानदारों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। नगर परिषद का प्रयास है कि त्योहार के दौरान बाजार में खरीदारी के साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी टीम की कार्रवाई

कैंट क्षेत्र के मातापुरा से दो बोरियों में मिली 16500 रुपए की अवैध शराब, जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा गुना शहर के मातापुरा कैंट में मुखबिर सूचना पर पारदी के घर से दो बोरी में 61 पन्नी पाउच पाए गए जो की मापने पर 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई। मौके पर आरोपी व्यक्ति पारस पुत्र केदार पारदी उम्र - 24 वर्ष निवासी मातापुरा पाया गया, जिसने उक्त मदिरा बेचना स्वीकार किया। उक्त मदिरा की अनुमानित कीमत रूपये 16500 रुपये है। मदिरा की उचित जाँच हेतु सैंपल निकाले गए जिन्हे एफएसएल ग्वालियर भेजा जाएगा। अतः आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी, की भूमिका रही।

251 किलो खिचड़ी का लगेगा भोग

मेघदूत नगर के महाराजा श्री भूरिया महादेव की अंतिम श्रावण सोमवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर



मेघदूत नगर बालाजी समिति द्वारा मेघदूत नगर स्थित श्री भूरिया महादेव मंदिर में श्रावण मास पर प्रतिदिन विशेष अभिषेक, पूजन अर्चन कर महाआरती की जा रही है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार 24 अगस्त को सायं 7.30 बजे बाबा भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार व अभिषेक किया जाएगा तथा तत्पश्चात महाआरती कर 251 किलो खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री भूरिया महादेव मंदिर समिति के नेमीचन्द खिमेसरा ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन मास में मंदिर में भव्य एवं विशेष आयोजन किये जाते है। यहां प्रतिदिन जलाभिषेक के लिये भक्तों की भीड़ लगी रहती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सायं 7.30 बजे भूरिया महादेव की महाआरती कर 251 किलो खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा जिसे भक्तों में वितरित किया जाएगा।

भगवान झूलेलाल मंदिर में संपन्न हुआ छप्पन भोग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर



आनंद विहार स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में छप्पन भोग प्रसाद का आयोजन पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक उत्सव में सिंधी समाज सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया। शाम को भगवान झूलेलाल जी की पावन महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसकी मनमोहक छटा ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच छप्पन भोग का महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे ग्रहण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

महोत्सव में समाज के वरिष्ठ दृष्टानन्द नैनवानी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुभाई सेवानी, महामंत्री राजेश चाहूजा, नन्दूभाई आडवानी, दयाराम जैसवानी, ताराचंद जैसवानी, रामभाई सेवानी, पार्षद भावना पमनानी, सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में अध्यक्ष रमेश भाई लवाणी, उपाध्यक्ष रमेश रायमलानी, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा, महासचिव भगवानदास वासवानी, कोषाध्यक्ष किशन लवाणी, किशोर आनन्द ने अग्रणी भूमिका निभाई। इसके साथ ही कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों के अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा भाव से यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत व्यवस्थित और स्मरणीय रहा। उपस्थित सभी धर्म प्रेमियों ने भगवान झूलेलाल जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और ह्यजय झूलेलालह्व के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। अंत में सभी का आभार महामंत्री भगवानदास वासवानी ने माना।

जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर



मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस वात्सल्यधाम में सेवा कार्य, देवडूंगरी में पौधरोपण कर मनाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से जिले की खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद किया है। फोटोग्राफर्स ने जिले के प्रमुख स्थानों को चित्रों के माध्यम से देश व दुनिया में प्रसिद्ध किया है। एसोएसिशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वात्सल्यधाम पहुंचकर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया उनकी कुशलक्षेम पुछी उसके पश्चात देवडूंगरी माताजी मंदिर पहुंचकर दर्शन वंदन किये गये एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व फोटोग्राफी दिवस पर केक काटकर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल, सचिव मुकेश कनेसरिया, उपाध्यक्ष कुणाल कश्यप, कोषाध्यक्ष हकीम, सहसचिव नितिन शर्मा, प्रवक्ता उमेश कुमावत, विशाल शर्मा, राकेश दुबे, नरेन्द्र ब्रिजवानी, लखन बड़ोलिया, राजू लोहार, राजू मकवाना, अमित परमार, अरूण कुमावत आदि उपस्थित थे।

युवा वर्ग की पहल से टीबी मुक्त भारत की ओर मंदसौर की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से मजबूत करने के उद्देश्य से देश के 50 चयनित जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के लिए मध्यप्रदेश के 5 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें मंदसौर जिला भी शामिल है। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन व जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन में मंदसौर जिले में अभियान के लिए मुल्तानपुरा, बही, कचनारा, देथली खुर्द एवं नावली सहित 5 ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य माय भारत वालेंटियर्स को यूथ एम्बेसेडर के रूप में तैयार कर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी के प्रति जागरूकता, जनभागीदारी एवं सामुदायिक पहुंच को बढ़ाना है।

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक की टीबी टीम में क्लास-1 ऑफीसर्स के साथ 5 माय भारत वालेंटियर्स एवं 5 एनसीसी कैडेट्स को सम्मिलित किया गया है। गठित टीबी मुक्त भारत टीमों द्वारा चयनित ग्रामों में घर-घर संपर्क, टीबी जागरूकता, सामुदायिक गतिविधियां एवं जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे। साथ ही टीबी मुक्त भारत ऐप के माध्यम से अभियान की गतिविधियों एवं टीबी जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। टीबी मुक्त भारत टीमों द्वारा फील्ड स्तर की गतिविधियां 24 अगस्त से 30 सितम्बर 2026 तक संचालित की जाएंगी। इस दौरान युवाओं की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टीबी के लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के प्रति जागरूक करेगी तथा टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास करेगी।

टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार चयनित ग्रामों में सीटीडी द्वारा निर्धारित जनसंख्या के आधार पर सर्वेक्षण भी कराया जा रहा है। सर्वे के दौरान नागरिकों से टीबी से संबंधित निर्धारित प्रश्नों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। इसका उद्देश्य टीबी के संभावित मामलों की पहचान कर आवश्यकतानुसार जांच एवं उपचार की दिशा में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

रियायती दरों पर आरंभ डायग्नोस्टिक सेंटर बहु उपयोगी साबित होगा

वैश्य समाज के दो दिवसीय डायग्नोस्टिक जांच शिविर में 112 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर



वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई मंदसौर के तत्वावधान में दो दिवसीय डायग्नोस्टिक जांच शिविर का आयोजन लायंस क्लब मंदसौर, प्रहलाद गर्ग फाउंडेशन एवं मंदसौर आयुर्वेद मेडिकल हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से रोम टावर के पीछे पीयूष ट्रेडर्स परिसर पर संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर पर रखा गया, जहां पर दो दिनों में 112 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों ने रियायती दरों पर जांच करवा कर शिविर का लाभ उठाया। दो दिवसीय शिविर वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी, जिला महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय, युवा इकाई के संभागीय प्रभारी कपिल भंडारी, संभागीय अध्यक्ष डॉ आशीष अग्रवाल, डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, समिति सदस्य डॉ. मजहर हुसैन एवं डॉ, विक्रांत भावसार की गरिमामयी उपस्थिति में लगाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मंदसौर शहर में रियायती दरों पर डायग्नोस्टिक सेंटर आरम्भ हुआ उसका लाभ आम नागरिकों को उठाना चाहिए। आज के दौर में कोई भी बीमारी हो, चिकित्सक दवा लिखने से पूर्व मरीज की डायग्नोस्टिक जांच करवाता है उसके उपरांत इलाज करता है ऐसे में मंदसौर शहर में रियायती दरों पर डायग्नोस्टिक सेंटर जो आरंभ हुआ है इसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेना चाहिए। साथ ही मंदसौर शहर के चिकित्सकों को भी ऐसे डायग्नोस्टिक सेंटर पर मरीज को अधिक से अधिक भेजना चाहिए ताकि रियायती दरों पर उनका उपचार हो सके।

अतिथियों ने कहा कि लायंस क्लब, प्रहलाद गर्ग फाउंडेशन तथा मंदसौर आयुर्वैदिक मेडिकल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में संचालित होने वाला यह डायग्नोस्टिक सेंटर आने वाले समय में इस शहर की बड़ी आवश्यकता की पूर्ति करेगा। पूर्व में भी मंदसौर शहर में लायंस क्लब ने दशरथ नगर में डायग्नोस्टिक सेंटर आरंभ किया था जो वर्षों तक संचालित हुआ। उसी प्रकार अब यह सेंटर बहुउपयोगी साबित होगा। डायग्नोस्टिक सेंटर के चेयरमैन रत्नेश कुदार ने रियायती दरों पर आरंभ किए गए सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से लाभ लेने का आह्वान किया।